भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 930

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

देश में खेलों के विकास के लिए योजनाएं

†930. श्रीमती रचना बनर्जी :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा देश में विभिन्न खेलों और युवा कार्यक्रमों के विकास के लिए कितनी योजनाएं चलाई जा रही हैं;

(ख) इन योजनाओं के नाम और उनका ब्यौरा क्या है; और

(ग) प्रत्येक योजना के अंतर्गत आवंटित निधियों का राज्यवार और योजनावार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) : सरकार देश में खेल और युवा कार्यक्रमों के विकास के लिए निम्नलिखित प्रमुख स्कीमें कार्यान्वित करती है :

युवा कार्यक्रम विभाग के अंतर्गत निम्नलिखित स्कीमें हैं :

(i) राष्ट्रीय युवा सशक्तिकारण कार्यक्रम (आरवाईएसके) एक प्रमुख स्कीम है जिसके अंतर्गत निम्नलिखित 7 उप-स्कीमें है :

1. नेहरू युवा केंद्र संगठन
2. राष्ट्रीय युवा कोर
3. राष्ट्रीय युवा एवं किशोर विकास कार्यक्रम
4. अंतरराष्ट्रीय सहयोग
5. युवा छात्रावास
6. स्काउटिंग और गाइडिंग संगठनों को सहायता
7. राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम

(ii) राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस)

(iii) राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी)

(iv) मेरा युवा भारत (माई भारत)

खेल विभाग के अंतर्गत निम्नलिखित स्कीमें हैं :

(i) खेलो इंडिया-राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम

(ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता

(iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार

(iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार

(v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन

(vi) पंडित दीनदायल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण स्कीम

(vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि

(viii) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन

उपरोक्त स्कीमों का विवरण https://yas.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है ।

(ग) इस मंत्रालय में धनराशि स्कीम-वार आवंटित की जाती है, न कि राज्य-वार। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए युवा कार्यक्रम विभाग और खेल विभाग की विभिन्न स्कीमों के लिए आवंटित धनराशि का विवरण क्रमशः अनुबंध-क और अनुबंध-ख में है।

****

अनुबंध-क

देश में खेलों के विकास के लिए योजनाएं के संबंध में श्रीमती रचना बनर्जी द्वारा दिनांक 10.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 930 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

युवा कार्यक्रम विभाग

स्कीम-वार व्यय

(करोड़ रु.)

क्र.सं.	स्कीम	बजट आवंटन 2024-25	
		बजट अनुमान	संशोधित अनुमान
क	सचिवालय	20.25	40.09
	कुल – क	20.25	40.09
ख	राष्ट्रीय युवा सशक्तीकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके प्रमुख स्कीम)		
1	नेहरू युवा केंद्र संगठन	426.00	412.00
2	राष्ट्रीय युवा कोर	75.00	18.25
3	राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम	22.00	45.00
4	अंतर्राष्ट्रीय सहयोग	11.70	11.70
5	युवा छात्रावास	5.00	5.00
6	स्काउटिंग और गाइडिंग	0.75	0.75
7	युवा नेता कार्यक्रम	9.00	6.00
8	युवा पोर्टल	13.30	13.30
9	मेरा युवा भारत	200.00	74.76
कुल - ख		762.75	586.76
ग	राष्ट्रीय सेवा योजना	250.00	250.00
घ	राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान	26.50	23.50
कुल योग		1059.50	900.35

अनुबंध-ख

देश में खेलों के विकास के लिए योजनाएं के संबंध में श्रीमती रचना बनर्जी द्वारा दिनांक 10.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 930 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

खेल विभाग

स्कीम-वार व्यय

(करोड़ रु.)

क्र.सं.	स्कीम	**2024-25**	
		बजट अनुमान	संशोधित अनुमान
क	**सचिवालय खेल**	**24.40**	**0**
कुल – क		**24.40**	**0.00**
ख	खेल संस्थानों में विकास (प्रमुख स्कीम)		
1	भारतीय खेल प्राधिकरण	822.60	815.00
2	लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान	78.51	66.65
3	राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला	22.00	18.70
4	राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी	22.30	20.30
5	विश्व डोप रोधी एजेंसी	3.00	3.00
6	राष्ट्रीय खेल प्रशिक्षण केंद्र	0.00	0.00
7	राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय	91.90	189.09
कुल – ख		**1040.31**	**1112.74**
ग	खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और पुरस्कार (प्रमुख स्कीम)		
1	खिलाड़ियों को प्रोत्साहन (विशेष नकद पुरस्कार)	35.00	38.65
2	मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन	4.00	4.00
3	राष्ट्रीय खेल परिसंघ को सहायता	340.00	340.00
4	खेलों में मानव संसाधन विकास	3.10	3.10
5	राष्ट्रीय खेल विकास निधि	18.00	18.00
6	खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण (पूर्ववर्ती एनएसडब्ल्यूएफएस)	2.00	2.00
7	राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र	8.00	8.00
कुल –ग		410.10	413.75
घ	खेलो इंडिया : राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम (प्रमुख स्कीम)		

1	खेलो इंडिया	900.00	800.00
2	राष्ट्रमंडल खेल	0.01	0.01
3	जम्मू-कश्मीर में खेल सुविधाओं में वृद्धि	8.00	6.00
4	सेमिनार, समिति आदि	0.00	0.00
कुल-घ		908.01	806.01
कुल योग		2382.82	2332.50

****